# बिहार राज्यसभा चुनाव 2026: एनडीए की 4 सीटें तय, 5वीं पर कांटे की टक्कर, किंगमेकर बने असदुद्दीन ओवैसी व मायावती!



**पटना (पी एम ए)** बिहार में 5 सीटों की राज्यसभा चुनाव के लिये नामांकन की प्रक्रिया गुरूवार से शुरू होते ही बिहार की राजनीति में सरगर्मी तेज हो गयी है। क्योंकि, राज्यसभा चुनाव का चुनावी बिगुल बज चुका है। इस वर्ष 26 फरवरी से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होकर 5 मार्च तक चलनी तय है। बिहार से 9 अप्रैल को एनडीए समर्थित सत्ताधारी दल जद(यू.) के रामनाथ ठाकुर व हरिवंश नारायण सिंह एवं रालोमो सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा और महागठबंधन समर्थित मुख्य विपक्षी दल राजद के प्रेमचंद गुप्ता व अमरेंद्र धारी सिंह का कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है। अभी भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठकुर के बड़े लाल रामनाथ ठाकुर नमो सरकार में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री हैं। जबकि, पत्रकार से राजनेता बने हरिवंश नारायण सिंह राज्यसभा में उपसभापति हैं। राज्यसभा चुनाव में इस बार मुकाबला एक तरह से 5वीं सीट पर सिमट गया है। 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव में जहां एनडीए 4 सीटें आसानी से जीतता दिख रहा है। वहीं, 5वीं सीट के लिये सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों की रणनीति तेज हो गयी है। 18वीं बिहार विधानसभा में मौजूदा संख्या बल के मुताबिक, राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिये 41 विधायकों के वोट जरूरी हैं। एनडीए के पास कुल 202 विधायक हैं। इस हिसाब से 4 सीटों के लिये उसे 164 वोट चाहिये, शेष 38 वोट बचते हैं, जो 5वीं सीट के लिये जरूरी 41 से 3 कम हैं। यही कारण है कि एनडीए की राह यहां अटकती नजर आ रही है।

उधर, महागठबंधन भी 5वीं सीट पर नजरें जमाये बैठा है। लेकिन, उसके सामने संख्या की और बड़ी चुनौती है। राजद के 25, कांग्रेस के 6, वाम दलों के 3 और आईआईपी के 1 मात्र विधायक को मिलाकर महागठबंधन की कुल संख्या 35 होती है। यानी लालू पुत्र नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को 6 अतिरिक्त विधायकों के समर्थन की आवश्यकता है। यहीं से चुनावी गणित में एआईएमआईएम प्रमुख व हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की भूमिका निर्णायक बन जाती है। एआईएमआईएम के पास 5 और बसपा के पास 1 विधायक है। दोनों का समर्थन जिस खेमे को मिला, 5वीं सीट उसी की झोली में जा सकती है।

सूत्रों के मुताबिक, ओवैसी की पार्टी ने समर्थन को लेकर शर्तें रख दी हैं। जबकि, राजद ने सिवान के दिबंगत बाहुबली पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब के नाम को आगे कर मुस्लिम कार्ड खेलने की रणनीति अपनायी है। इससे एआईएमआईएम के समर्थन की उम्मीद भी खुलकर जतायी जा रही है। बासपा का रूख इस बार के राज्यसभा चुनाव में क्या है? यह अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है। वैसे, बसपा का अब तक का इतिहास सत्ताधारी गठबंधन के साथ रहने का ही रहा है। वर्तमान में राजद को हराकर सतीश सिंह यादव बसपा के विधायक बने हैं। कुल मिलाकर, बिहार के इस राज्यसभा चुनाव में बसपा और एआईएमआईएम किंगमेकर की भूमिका में आ गये हैं, और 5वीं सीट का फैसला इन्हीं के रुख पर टिका नजर आ रहा है।

बता दें कि, राज्यसभा की एक सीट के लिये प्रथम वरीयता के 41 वोट चाहिये। क्योंकि, बीते वर्ष नवंबर महीने में संपन्न हुये 18वीं बिहार विधानसभा आम चुनाव में एनडीए के 202 और महागठबंधन के 35 विधायक चुने गये हैं। एनडीए में भाजपा-जद(यू.) की 2-2 सीटों पर जीत तय मानी जा रही हैं। 5वीं सीट किसी तीसरे घटक दल को मिलेगी। वैसे, एनडीए में 5 दल हैं। ऐसे में 2 दलों की नाराजगी की चर्चा इसलिये बेमानी है। क्योंकि, मंत्रिपरिषद में उन्हें पूर्ण सहभागिता मिली हुयी है और आगे बिहार विधान परिषद के लिये बड़ी आशा है।


**उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक**
*आपकी उम्मीद का खाता*

**शुद्धिपत्र**

25 फरवरी, 2026 को गांडीव हिंदी दैनिक (हिंदी) में प्रकाशित उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के असुरक्षित लेनदारों की बैठक बुलाने की सूचना/विज्ञापन के संदर्भ में। इसके द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि बैंक का नाम, सीआईएन (CIN) और पंजीकृत कार्यालय को इस प्रकार पढ़ा जाए,

**उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**
CIN: L65992UP2016PLC082804
कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निगमित एक कंपनी
**पंजीकृत कार्यालय:** उत्कर्ष टॉवर, एनएच-31 (एयरपोर्ट रोड), सेहमलपुर, काज़ी सराय, हरहुआ, वाराणसी, उत्तर प्रदेश, पिन – 221105
अपने अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री मुथैया गणपति के माध्यम से प्रतिनिधित्वित
**टेलीफ़ोन नंबर:** +91-542-6135000 | **ईमेल:** shareholders@utkarsh.bank
के बजाय
**उत्कर्ष कोरइन्वेस्ट लिमिटेड**
CIN: U65191UP1990PLC045609
कंपनी एक्ट, 2013 के तहत बनी एक कंपनी,
रजिस्टर्ड ऑफिस: S-24/1-2, चौथी मंज़िल, महावीर नगर, अर्दली बाज़ार, महावीर मंदिर के पास, वाराणसी, उत्तर प्रदेश, इंडिया – 221002
इसके ऑथराइज़्ड सिग्नेटरी – श्री नीरज कुमार तिवारी द्वारा रिप्रेज़ेंट किया गया
**टेलीफ़ोन नंबर:** +91-9598069737 | **ईमेल:** secretarial@utkarshcoreinvest.com
अन्य सभी जानकारी अपरिवर्तित रहेगी और इस शुद्धिपत्र को पिछले विज्ञापन के साथ पढ़ा जाना चाहिए।
**तारीख:** 27 फरवरी 2026
**जगह:** मुंबई


## सरकार ने जो वायदे किए हैं उसे पूरा करें, नहीं तो होगा आंदोलन- प्रशांत किशोर



**पटना (पी एम ए)** बिहार में सरकार ने जिन वादों और झांसे के दम पर चुनाव जीता है, अगर उन वादों को पूरा नहीं किया गया तो हम आंदोलन करेंगे और जनता के साथ मिलकर उन्हें गद्दी छोड़ने पर मजबूर करेंगे। ये बात देश के चर्चित चुनावी रणनीतिकार रह चुके जन सुराज पार्टी यानी जसुपा के संस्थापक प्रशांत किशोर यानी पीके ने कही है। वे जन सुराज पार्टी की 'बिहार नवनिर्माण यात्रा' के तहत बुधवार को समस्तीपुर पहुंचे थे और यूएन पैलेस में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव के वक्त जनता से बड़े-बड़े वादे किये गये। लेकिन, सत्ता में आने के बाद सरकार उन वादों को भूल जाती है। अब जनता सवाल पूछ रही है और जन सुराज पार्टी उन सवालों को सड़क से लेकर हर मंच तक उठायेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि नई एनडीए सरकार अपने वादों को निभाने में विफल रहती है तो जन सुराज पार्टी आंदोलन का रास्ता अपनायेगा।

इस दौरान प्रशांत किशोर ने सुप्रीम कोर्ट की एक टिप्पणी पर भी खुलकर अपनी असहमति जतायी। उन्होंने कहा कोर्ट की ओर से यह कहा गया कि आप चुनाव हार गये हैं तो क्यों आये हैं। मैं इससे सहमत नहीं हूं। इस देश में अगर किसी के साथ अन्याय होता है तो वह न्याय के लिये अदालत में ही जायेगा। चुनाव जीतना या हारना अलग बात है। उन्होंने आगे कहा कि यदि सब कुछ ठीक होता और किसी के साथ अन्याय नहीं होता तो अदालत जाने की आवश्यकता ही क्यों पड़ती? न्याय मांगना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और इसे चुनावी हार-जीत से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिये। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार चुनाव में धांधली को लेकर सुप्रीम कोर्ट के कहने पर न्याय के लिये अब हाई कोर्ट में अपनी बात रखेंगे। सुप्रीम कोर्ट का भी यही कहना है। प्रशांत किशोर ने कहा कि 'बिहार नवनिर्माण यात्रा' का उद्देश्य जनता को जागरूक करना और सरकार से उसके वादों की जवाबदेही तय कराना है। उन्होंने दो टूक कहा कि जन सुराज पार्टी सत्ता की राजनीति नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई लड़ रहा है और यह संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर पूर्व विधायक दुर्गा प्रसाद सिंह व किशोर कुमार मुन्ना, उप महापौर रामबालक पासवान, पूर्व प्रखंड प्रमुख संजय कुमार सिंह, आभा ठाकुर सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

दूसरी ओर समस्तीपुर स्थित होटल हेरिटेज इन के सेमिनार हॉल में बुधवार की संध्या में ही सिविल सोसाइटी द्वारा आयोजित एक परिचर्चा ''पंचायत चुनाव में युवाओं की भूमिका'' पर बतौर मुख्य अतिथि प्रशांत किशोर ने विस्तार से प्रकाश डाला। जहां उन्होंने 'बिहार नवनिर्माण यात्रा' को लेकर कहा कि वे संगठन को ग्रामीण स्तर पर मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं। बिहार के नव निर्माण के लिये वे अगले पांच वर्ष तक संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव जीतना बड़ी चुनौती है। सही ढंग से सिद्धांत के साथ चुनाव जीतना बड़ी बात है। उन्होंने भविष्य में किसी एलाईंस को सीरे से नकारा और कहा कि चुनाव जीतने के लिये वे न तो भ्रष्टाचार को संरक्षित करेंगे और न ही जाति-पाति और हिंदु-मुस्लिम की बात करेंगे। अगर लोगों को लगता है कि सरकार ठीक से काम कर रही है तो अच्छी बात है। उन्होंने एक बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर होने वाले चुनाव में भले सरकार पार्टी बेस पर चुनाव न करावे, लेकिन उनकी पार्टी में यह मंथन चल रहा है कि जन सुराज पार्टी अपना उम्मीदवार उतारे। उन्होंने कहा कि अभी फैसला नहीं हुआ है, लेकिन यह संभव है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर पार्टी बेस चुनाव होने से सरकार पर दवाब हो सकता है। खासकर युवा वर्ग के चुने जाने से कार्य क्षमता बढ़ सकती है। हर पंचायत में अच्छा कार्य हो सकता है।

इस परिचर्चा में उजियारपुर के पूर्व विधायक दुर्गा प्रसाद सिंह एवं समस्तीपुर के उप महापौर रामबालक पासवान के अलावा ई.सच्चिदानंद सिंह, डॉ.विनय कुमार राय, भूपेंद्र यादव, संजय कुमार सिंह, आभा ठाकुर, पिंकी कुमारी व अमित गुंजन ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। सिविल सोसाइटी द्वारा आयोजित इस परिचर्चा की अध्यक्षता सरपंच से राजनेता बने दुर्गा प्रसाद सिंह ने की। जबकि, संचालन पेशे से अधिवक्ता व समाजसेवी कृष्ण कुमार ने किया। सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज ज्योति ने आगत अतिथियों व उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुये धन्यवाद ज्ञापन किया। अंत में जसुपा के संस्थापक प्रशांत किशोर, पूर्व विधायक दुर्गा प्रसाद सिंह, किशोर कुमार मुन्ना व अन्य को मिथिला के परंपरा के मुताबिक, पाग, अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छा देकर सम्मानित किया गया।

## जर्मनी प्रवास में उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य की उन्नत रेल तकनीक व रक्षा क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर सार्थक पहल



**लखनऊ (पी एम ए)** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को जर्मनी प्रवास के दौरान विभिन्न औद्योगिक एवं निवेश संबंधी कार्यक्रमों में सहभागिता कर प्रदेश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने और तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की।

उप मुख्यमंत्री ने जर्मनी में RAILONE GmbH के सीईओ श्री निशांत मित्तल से भेंट कर उनके अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्नत रेलवे ट्रैक प्रणालियों एवं कंक्रीट स्लीपर निर्माण की आधुनिक तकनीकों का अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में तीव्र गति से विकसित हो रही रेल एवं आधारभूत संरचना परियोजनाओं में इस प्रकार की अत्याधुनिक तकनीकों का सहयोग अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। यह दौरा प्रदेश में आधुनिक अवसंरचना विकास एवं अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक साझेदारी को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार के मा. कैबिनेट मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा एवं प्रतिनिधिमण्डल के साथ जर्मनी के ऐतिहासिक Nuremberg Castle तथा संग्रहालय का भ्रमण किया। यह किला शक्ति, ऐतिहासिक महत्व एवं समृद्ध विरासत का प्रतीक है। यहां पूर्व में शाही सभाएं एवं साम्राज्यीय अधिवेशन आयोजित होते थे। समय के साथ इसके आसपास विकसित हुआ हृहृहृहृहृहृहृ शहर आज एक प्रमुख व्यापारिक एवं वित्तीय केंद्र के रूप में स्थापित है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने न्यूरेम्बर्ग में आयोजित डिफेंस इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव एवं भारतीय प्रवासी सम्मेलन को भी संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने उत्तर प्रदेश के बदलते आर्थिक परिदृश्य और उभरते विकास मॉडल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रदेश आज निवेश-अनुकूल नीतियों, पारदर्शी शासन व्यवस्था और वैश्विक प्रतिस्पर्धा से युक्त औद्योगिक ढांचे के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया के निवेशक भारत की क्षमता और संभावनाओं को समझ रहे हैं और उसकी सराहना भी कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश, यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में, वैश्विक निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि हम सभी को देशहित, विकास एवं मानवता के कल्याण के लिए मिलकर कार्य करना होगा। कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत' के संकल्प को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देना होगा।

## आस्था के रंगों में डूबा ब्रज: इन तीन मंदिरों में होली का होगा अनोखा उत्सव, पहुंचेंगे हजारों श्रद्धालु

**बरसाना (पी एम ए)** रंग-गुलाल और खुशियों से भरे होली का त्योहार अब बहुत नजदीक है, जिसको लेकर देशभर में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। यूं तो होली पूरी दुनिया में मनाई जाती है, लेकिन ब्रज की होली की बात ही अलग है। ब्रज में होली का खुमार बसंत पंचमी से शुरू हो जाता है और लगभग 40 दिनों तक चलता है। ब्रज की होली सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि ये भक्ति, परंपरा और उत्सव से भरी एक महाउत्सव है, जिसे देखने हर साल देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। 26 फरवरी को बरसाना और नंदगांव में विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली खेली जाएगी। भारत में होली सबसे ज्यादा धूमधाम से उत्तर प्रदेश के मथुरा-वृंदावन के मंदिरों में मनाई जाती है, जिसे 'ब्रज की होली' भी कहा जाता है। यहां बरसाना के 'श्री लाडली जी महाराज मंदिर' की लट्ठमार और लड्डूमार होली, वृंदावन के 'बांके बिहारी मंदिर' की फूलों की होली और मथुरा के 'द्वारकाधीश मंदिर' की पारंपरिक रूप से रंग-गुलाल से मनाई जाने वाली होली सबसे प्रमुख है। श्री लाडली जी महाराज मंदिर में लड्डूमार और लठमार होली का अनोखा उत्सव मनाया जाता है। यह प्राचीन मंदिर उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के बरसाना में स्थित है, जो देवी राधा को समर्पित है। इसे 'श्री जी मंदिर', 'राधा रानी मंदिर' और 'बरसाने का माथा' के नाम से भी कहा जाता है।

इस साल वृंदावन के 'बांके बिहारी मंदिर' में फूलों की होली 28 फरवरी को खेली जाएगी, जो अपनी अनोखी परंपरा के लिए जानी जाती है। मान्यता है कि वृंदावन में फूलों की होली का उत्सव द्वापर युग से चलता आ रहा है। कहा जाता है कि यहां भगवान कृष्ण अपने मित्रों संग प्रिय राधा रानी और गोपियों के साथ फूलों से होली खेला करते थे।

इस खास दिन बांके बिहारी मंदिर और राधा-कृष्ण को फूलों से सजाया जाता है। यहां रंग और गुलाल के बजाय रंग-बिरंगे फूलों की पंखुड़ियों के साथ प्राकृतिक रूप से होली खेली जाती है। मान्यता है कि गुलाब, गेंदा और चमेली के फूलों की खुशबू भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी को काफी प्रिय है।

भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा के प्रसिद्ध 'द्वारिकाधीश मंदिर' में होली के त्योहार को तिथि के अनुसार पारंपरिक रूप से मनाया जाता है। मान्यता है कि यहां की होली श्रीकृष्ण के जीवन काल से जुड़ी है। पर्व के दिन मंदिर में आए श्रद्धालु भगवान के दर्शन करने के बाद उनके साथ रंग और गुलाल की होली खेलते हैं।

## अधिवक्ता सुप्रीमकोर्ट/ निडर और साहसी पत्रकार स्मृति सिंह चंदेल के बलिया विधानसभा से चुनाव लड़ने की चर्चा, पार्टी नाम पर सस्पेंस बरकरार

**नई दिल्ली (पी एम ए)** अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट/ साहसी और निडर पत्रकार स्मृति सिंह चंदेल ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी पी एम ए से बातचीत के दौरान कहा कि यूपी विधानसभा चुनाव 2027 में बलिया से चुनाव लड़ाने के लिए भाजपा समेत कई राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता मेरे संपर्क में है और वे चाहते हैं कि बलिया विधान सभा से मैं चुनाव लड़ूं।

यह बयान ऐसे समय आया है जब से स्मृति सिंह चंदेल बलिया के विकास को लेकर लगातार हमलावर भूमिका में हैं बलिया विधानसभा में जनसंपर्क तेज कर दिए हैं।

स्मृति सिंह चंदेल ने कहा कि बलिया में विकास के नाम पर झूठा आश्वासन, रोजगार के नाम पर केवल वाह - वाही और लूट-खसोट से त्रस्त नौजववानों महिलाओं किसानों की बिगडती अर्थ व्यवस्था भेदभाव की कार्रवाई तथा भयमुक्त समाज की स्थापना के लिए सड़क से सदन तक आम आवाम की भलाई के लिए आवाज उठाने का समय आ गया है। पी एम ए संवाददाता से बात करते हुए स्पष्ट किया कि बलिया की जनता उन्हें अच्छी तरह जानती है और जनसंपर्क में कोई कठिनाई नहीं होगी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की स्वदेशी उड़ान, जैसलमेर से 'प्रचंड' हेलीकॉप्टर में हुई सवार



**जैसलमेर (पी एम ए)** भारत की सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को एक कीर्तिमान स्थापित करते हुए स्वदेश में निर्मित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में एक विशेष उड़ान भरी। दरअसल शुक्रवार 27 फरवरी को राष्ट्रपति राजस्थान के जैसलमेर में मौजूद रहीं। यहां वह भारतीय वायुसेना के प्रमुख युद्धाभ्यास 'वायुशक्ति' की साक्षी बनीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने यहां पहुंचने पर स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में यह विशेष उड़ान भरी। इस दौरान वह फ्लाइंग हेलमेट और फ्लाइट ड्रेस में नज़र आईं। गौरतलब है कि 'प्रचंड' हल्का लड़ाकू हेलीकॉप्टर अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। इसे विशेष रूप से कठिन युद्ध परिस्थितियों में संचालन के लिए तैयार किया गया है। यह ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी उड़ान भर सकता है। 'प्रचंड' हेलीकॉप्टर में राष्ट्रपति की यह उड़ान स्वदेशी रक्षा क्षमताओं और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में देश की प्रगति का प्रतीक मानी जा रही है। राष्ट्रपति की यह उड़ान दो 'प्रचंड' हेलिकॉप्टरों के समूह के रूप में संचालित की गई।

दूसरे हेलिकॉप्टर में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह सवार रहे। भारतीय वायुसेना द्वारा द्वारा आयोजित 'वायु शक्ति 2026' अभ्यास में विभिन्न लड़ाकू विमान, हेलिकॉप्टर और उन्नत हथियार प्रणालियां अपनी मारक क्षमता और सटीकता का प्रदर्शन कर रही हैं। यह अभ्यास देश की वायु शक्ति, सामरिक तैयारी और पेशेवर दक्षता को प्रदर्शित करने का प्रमुख मंच है। वहीं ऐसे सैन्य प्लेटफार्म से राष्ट्रपति की यह ऐतिहासिक उड़ान सशस्त्र बलों के मनोबल को और सुदृढ़ करेगी। साथ ही यह स्वदेशी रक्षा उत्पादन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दिसंबर माह के दौरान को भारतीय नौसेना की स्वदेशी रूप से निर्मित कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर पर सवार हुई थीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कर्नाटक के कारवार नौसैनिक अड्डे से यह यात्रा शुरू की थी। राष्ट्रपति की वह यात्रा भारतीय नौसेना की क्षमता और आत्मनिर्भर भारत के रक्षा निर्माण कार्यक्रम का सशक्त प्रतीक थी। उस विशेष अभियान में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी राष्ट्रपति के साथ मौजूद थे।

राष्ट्रपति को नौसेना की इस पनडुब्बी की परिचालन क्षमता, स्टील्थ फीचर्स व हथियार प्रणालियों से अवगत कराया गया। साथ ही उन्हें भारतीय नौसेना के अंडरवॉटर वॉरफेयर नेटवर्क के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई थी। यह सॉर्टी कई मायनों में ऐतिहासिक है। दरअसल यह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का कलवरी क्लास की पनडुब्बी पर यह पहला दौरा था। भारतीय इतिहास में ऐसा करने वाली वह दूसरी राष्ट्रपति हैं। उनसे पहले पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने एक पनडुब्बी पर सॉर्टी की थी। वहीं अक्टूबर महीने के अंत में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वायुसेना के लड़ाकू विमान 'राफेल' में उड़ान भरी थी।

## न्यूयॉर्क शहर के मेयर ममदानी ने अचानक व्हाइट हाउस दौरे पर ट्रंप से मुलाकात की

**वाशिंगटन (पी एम ए)** न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मुलाकात की। हाल के महीनों में जारी तीखे वैचारिक मतभेदों और राजनीतिक टकराव के बाद, इन दो विपरीत विचारधारा वाले नेताओं के बीच यह एक महत्वपूर्ण बैठक थी। विशेष बात यह रही कि दोनों नेताओं की यह मुलाकात पूर्व-निर्धारित सार्वजनिक कार्यक्रम का हिस्सा नहीं थी। ममदानी ने इस बातचीत को एक सार्थक बैठक बताया। उन्होंने कहा कि वे 'न्यूयॉर्क शहर में और अधिक आवास बनाने के लिए उत्सुक हैं।' सिटी हॉल की प्रवक्ता अन्ना बहर ने कहा कि मेयर ने कुछ ऐसे प्रस्ताव रखे हैं जिनसे कुछ ही परियोजनाओं में पिछले 50 वर्षों में बने आवासों से कहीं अधिक आवासों का निर्माण हो सकेगा। प्रस्तावित आवास परियोजनाओं के दायरे, स्थान या वित्तपोषण के बारे में तत्काल कोई और जानकारी नहीं दी गई। इस मुलाकात में अप्रवासन को लेकर भी अप्रत्याशित मोड़ आया। व्हाइट हाउस से निकलने के बाद, ममदानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि हमारी पिछली मुलाकात में, मैंने कोलंबिया की छात्रा इलाइना अघायेवा के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की थी, जिन्हें आज सुबह आईसीई ने हिरासत में लिया था। उन्होंने अभी मुझे सूचित किया है कि उन्हें जल्द ही रिहा कर दिया जाएगा। बाद में अघायेवा को रिहा कर दिया गया। गुरुवार तड़के संघीय एजेंटों द्वारा कोलंबिया विश्वविद्यालय के मैनहट्टन परिसर में एक आवासीय भवन में प्रवेश करने के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया था। कोलंबिया विश्वविद्यालय ने कहा कि आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें गिरफ्तार करने के लिए भवन में प्रवेश पाने के लिए गलत जानकारी दी। कार्यवाहक अध्यक्ष क्लेयर शिपमैन ने कहा कि फिलहाल हमारी समझ यह है कि संघीय एजेंटों ने 'लापता व्यक्ति' की तलाश में भवन में प्रवेश पाने के लिए गलत जानकारी दी। हम अधिक जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा कि यदि कानून प्रवर्तन एजेंट विश्वविद्यालय के गैर-सार्वजनिक क्षेत्रों में प्रवेश करना चाहते हैं, तो उनसे सार्वजनिक सुरक्षा विभाग से संपर्क करने तक किसी भी गैर-सार्वजनिक क्षेत्र में प्रवेश न करने का अनुरोध करें। सार्वजनिक सुरक्षा विभाग विश्वविद्यालय की प्रतिक्रिया का समन्वय करने के लिए महाधिवक्ता कार्यालय से संपर्क करेगा। उन्हें प्रवेश न करने दें और न ही वारंट या समन स्वीकार करें। कोलंबिया डेली स्पेक्टेटर को दिए एक बयान में, गृह सुरक्षा विभाग ने कहा कि कक्षा में अनुपस्थित रहने के कारण अघायेवा का वीजा 2016 में रद्द कर दिया गया था। बयान में कहा गया है कि भवन प्रबंधक और उनके रूममेट ने अधिकारियों को अपार्टमेंट में प्रवेश करने दिया। गृह सुरक्षा विभाग के पास उनकी कोई लंबित अपील या आवेदन नहीं है।

बता दें कि व्हाइट हाउस ने इस बैठक पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। यह मुलाकात डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट ममदानी और रिपब्लिकन राष्ट्रपति ट्रंप के बीच बदलते संबंधों को दिखाती है। ट्रंप अक्सर उन शहरों की आलोचना करते रहे हैं, जहां डेमोक्रेटिक पार्टी की सरकार है, खासकर प्रवासन और केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर। चुनाव प्रचार के दौरान तीखी बयानबाजी के बावजूद, दोनों अब ओवल ऑफिस में एक से अधिक बार मिल चुके हैं।

न्यूयॉर्क शहर संघीय अनुदान पर बहुत अधिक निर्भर है और आव्रजन प्रवर्तन को लेकर राष्ट्रीय बहसों का केंद्र रहा है। कोलंबिया विश्वविद्यालय, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के सबसे प्रमुख निजी संस्थानों में से एक है, हाल के वर्षों में परिसर में प्रवेश और संघीय अधिकार से जुड़े विवादों का केंद्र बिंदु रहा है।